




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 109 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 30 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया


## ट्रक ने मारी बाईक सवार को टक्कर एक की मौत



**दलौदा, 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** दोपहर में दलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम आक्या - सरसोद फटे पर जावरा की ओर से आ रही ट्रक चालक ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे की सायकिल सवार की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मुर्तक नंदलाल पिता मालिया मीना भील मजदूरी के लिए अपने ग्राम बाडियासा तहसील अरनोद जिला प्रतापगढ़ से धमनार मजदूरी के लिए जा रहा था जिसे ट्रक ने टक्कर मार दी। बड़े अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड दिया। मामले मं पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया।

# मंदसौर संसदीय क्षेत्र: 17 चुनाव, नीमच से बने सिर्फ दो सांसद

## एक सांसद ऐसे, जीतने के बाद निकल गए कोलकाता

**[ तीन बार बाहरी को मौका, दो बार मिली जीत ]**

**मंदसौर, 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव हेतु टिकिट को लेकर जोड़तोड़ शुरु हो गया है। माना जा रहा है कि इस बार भी मंदसौर-नीमच संसदीय क्षेत्र से भाजपा से मंदसौर जिले का उम्मीद्ववार खड़ा होगा तो कांग्रेस में मंदसौर जिला या बाहरी उम्मीद्वार को लाया जा सकता है। यह भविष्य के गर्त में है। लेकिन, बात करें संसदीय क्षेत्र के इतिहास की तो रोचक पहलू यह है कि 1951 से लेकर अब तक हुए 17 चुनाव में अविभाजित मंदसौर नीमच जिले के समय से लेकर अभी तक नीमच से सिर्फ दो ही उम्मीद्वार चुनाव जीतकर सांसद बने हैं। उसमें एक उमाशंकर त्रिवेदी है तो दूसरे बालकवि बैरागी। जावरा से नौ बार सांसद चुनकर उम्मीद्वार आए तो इसमें आठ बार जावरा के लक्ष्मीनारायण पाण्डे रहे। बीते चुनाव में सांसद स्वतंत्रसिंह कोठारी ऐसे सांसद रहे जो चुनाव जीतकर कोलकाता चले गए और पांच सालों तक नजर भी नहीं आए।

### संसदीय क्षेत्र में 8 विधान सभा क्षेत्र शामिल हैं...

मंदसौर, मल्हारगढ़, सुवासरा, गरोठ, नीमच, मनासा, जावद, जावरा
कुल मतदाता- 18,72,135
पुरुष मतदाता- 9,47,244
महिला मतदाता- 9,24,874
थर्ड जेंडर- 17

### रुपए देकर लाए टिकीट, नहीं दिखाया चेहरा...

वर्ष 1967 में जनसंघ के टिकट पर कोलकाता (कलकत्ता) से सीए स्वतंत्र सिंह कोठारी चुनाव लड़ने आए। राजनीतिक जानकारी रखने वाले बुजुर्ग बताते हुए आरोप लगाते हैं कि रुपए से इस चुनाव में स्वतंत्रसिंह कोठारी ने टिकीट खरीदा था। वहीं एक बड़े उद्योगपति ने उनकी मदद की थी। उनके प्रचार में भी खूब तड़क-भड़क रही। पहली बार जीप से प्रचार हुआ। उस समय के साक्षी रहे बुजुर्ग बताते हैं कि जनसंघ अब भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं की मेहनत से कोठारी चुनाव जीत गए। मंदसौर संसदीय क्षेत्र में किसी भी चुनाव में यह पहली बार हुआ कि उम्मीदवार जीतने के बाद कभी क्षेत्र में नहीं दिखाई दिया। कोठारी जीतने के बाद कोलकाता गए तो फिर पलटकर नहीं आए। उन्होंने मंदसौर संसदीय क्षेत्र पर ध्यान ही नहीं दिया।

### बाहरी को ज्यादा मौके नहीं...

संसदीय क्षेत्र की बात करें तो बाहरी उम्मीद्वार को दोनों ही दलों ने ज्यादा मौके नहीं दिए। पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद कैलाशनाथ काटजू कश्मीरी पंडित जरुर थे। लेकिन, उनके पिता जावरा आ गए थे। यहीं कैलाशनाथ काटजू का जन्म हुआ। इसके अलावा पूर्व सांसद कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन यहां से तीन बार चुनाव लड़ी। इसमें एक बार चुनाव जीती। इसके अलावा स्वतंत्रसिंह कोठारी भी कोलकाता से यहां आकर चुनाव लड़े थे।

### इस बार टिकीट को लेकर क्या कहा सांसद ने...

वर्तमान सांसद और टिकीट के दावेदार सुधीर गुप्ता कहते है किसान, महिला, युवा और गरीब इन चार वर्गों पर काम हो रहा है। टिकट की घोषणा का निर्णय कमेटी करती है। हम तो अपना काम करते हैं। भाजपा की रणनीति विकास और गरीब कल्याण है। पार्टी के अंदर दावेदारी टॉपिक नहीं है। पार्टी परफॉर्मेंस देखती है। मैं अपने क्षेत्र के प्रति समर्पित हूं। लगातार काम कर रहा हूं।

**1951 से लेकर 2019 तक निर्वाचित सांसदों की सूची स्थान के साथ**

**1952** कैलाशनाथ काटजू (जावरा) कांग्रेस
**1957** माणकभाई अग्रवाल (भानपुरा) कांग्रेस
**1962** उमाशंकर त्रिवेदी (नीमच) भारतीय जनसंघ
**1967** स्वतंत्रसिंह कोठारी (कोलकाता) भारतीय जनसंघ
**1971** डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय (जावरा) भारतीय जनसंघ
**1977** डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय (जावरा) भारतीय जनसंघ
**1980** भंवरलाल नाहटा (मंदसौर) कांग्रेस
**1984** बालकवि बैरागी उर्फ नंदराम दास (नीमच) कांग्रेस
**1989** डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय (जावरा) भाजपा
**1991** डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय (जावरा) भाजपा
**1996** डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय (जावरा) भाजपा
**1998** डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय (जावरा) भाजपा
**1999** डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय (जावरा) भाजपा
**2004** डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय (जावरा) भाजपा
**2009** मीनाक्षी नटराजन (बिरला ग्राम नागदा(उज्जैन) कांग्रेस
**2014** सुधीर गुप्ता (मंदसौर) भाजपा
**2019** सुधीर गुप्ता (मंदसौर) भाजपा

### नई तकनीक से होगा ड्राइविंग टेस्ट...

# 24 पाइंटस में से 7 का मूल्यांकन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से होगा



**मंदसौर, 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा और सुरक्षित परिवहन के लिए नए साल में नए प्रयोग की तैयारी में है। राज्य में ड्राइविंग टेस्ट के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई का सहारा लिया जाएगा। इसके साथ ही एआई से लैस कैमरा वैलिड पॉल्यूशन सर्टिफिकेट न होने पर पीयूसी चालान भी काटेगा।

राज्य में जल्द ही आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक के जरिए ड्राइविंग टेस्ट लिए जाने की तैयारी हो रही है। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एआई टेस्ट लिया जाएगा। ऑटोमैटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक लाइसेंस के लिए जरूरी 24 पाइंटस में से कम से कम 7 का मूल्यांकन एआई के जरिए होगा। इसे दो पहिया, हल्के और भारी वाहनों के साथ ही सभी तरह के मोटर वाहन के टेस्ट के लिए डिजाइन किया जा रहा है। जिसमें कई तरह के टेस्ट होंगे। इनमें आठ बनाना, एच ट्रैक, जिग-जैग, ग्रेडिएंट, जेबरा क्रॉसिंग, रिवर्स ट्रैक जैसे कई टेस्ट शामिल हैं।

एआई के साथ ड्राइविंग टेस्ट शुरु होने पर टेस्ट प्रक्रिया पूरी तरह से ऑटोमैटिक हो जाएगी। जिसके कारण किसी भी तरह की गड़बड़ी की आशंका खत्म हो जाएगी। सही नतीजे मिलने पर सिर्फ ऐसे ही लोगों को लाइसेंस मिलेगा जो सुरक्षित तरीके से वाहन को चलाएंगे। ऐसा होने पर सड़कों पर दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

### वाहन मालिक को जाएगा मैसेज...

एआई पावर्ड कैमरे वाहन के नंबर प्लेट को कैप्चर्ड करके अपने डेटाबेस में चेक करेंगे। यदि कोई वाहन बिना वैध पीयूसी के कैप्चर्ड किया जाता है तो वाहन मालिक को ऑटोमेटिक मैसेज चला जाएगा और उसका चालान कट जाएगा। इससे प्रदूषण से निजात मिलेगी।

### टोल प्लाजा बनाए जाएंगे स्मार्ट...

राजमार्ग पर वाहन चलाना और ज्यादा सुरक्षित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक का इस्तेमाल से टोल प्लाजा को और ज्यादा स्मार्ट बनाया जा रहा है। एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से जोड़कर राजमार्ग पर वाहन चलाने वाले ड्राइवर को लाइव मौसम का हाल एवं आगे के ट्रैक पर हुए रोड एक्सीडेंट की खबरें अपडेट की जाएंगी। ऐसी स्थिति में वाहन चालक वाहन को रोक सकेगा या फिर अपना रास्ता बदल सकेगा।

## दस हजारी बदमाश को दबोचा

### पुलिस पर फायरिंग के मामले में 7 साल से था फरार



**पिपलिया मंडी, 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सात साल से पुलिस को छका रहे दस हजारी ईनामी बदमाश को पिपलियामंडी पुलिस ने दबोचा है। उसके ससुराल रतलाम से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पिपलिया मंडी थाना पुलिस ने बताया कि 2016 में पुलिस ने ट्रेलर की घेराबंदी की। जिसमें चालक द्वारा घेराबंदी को तोड़क़र गाडी ना रोकी एवं पुलिस फोर्स पर फायर किया गया था। मौके से ट्रेलर का चालक और उसके साथी फरार हो गये थे। ट्रेलर की तलाशी लेने पर 32 क्विंटल 68 किलो डोडाचूरा, एक देशी पिस्टल एवं दो राउण्ड बरामद किये गये थे। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। जांच में ट्रेलर का मालिक जाकिर हुसैन पिता मोहम्मद फारूख निवासी गांधी नगर जीरन जिला नीमच होना पाया गया था। जिसे अपराध में आरोपी बनाया गया था। वह वर्ष 2016 से अपने निवास पते से फरार होना पाया गया था। पूर्व में उक्त आरोपी की तलाश कई बार उसके निवास पते एवं रिश्तेदारी में की गई, परन्तु आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर था।

मंदसौर पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया द्वारा उक्त आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी जाकिर हुसैन के निवास पते एवं अन्य रिश्तेदारियों की जानकारी एकत्र की गई। इसके बाद आरोपी को उसके ससुराल सुभाष नगर थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम से गिरफ्तार किया गया।

## दो किलो 300 ग्राम अफीम बरामद, दो युवक गिरफ्तार, बाईक जप्त

**नीमच, 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जावद थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार युवकों से 2 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जप्त कर दोनों आरोपियो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवाओं से पुलिस अफीम कहां से खरीद कर कहां देने जा रहे थे, इस संबंध में पूछताछ कर रही है।

थाना प्रभारी असलम पठान ने जानकारी देते हुए बताया कि नयागांव जावद रोड, श्री महाकाल होटल एण्ड रेस्टोरेंट के पास जावद पर नाकाबंदी कर मुकेश उर्फ बबलू एवं भेरूलाल उर्फ राहुल को अवैध मादक पदार्थ के साथ पकड़ा है। इनके पास से 2 किलो 300 ग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया। जिसकी कीमत 2 लाख 30 हजार रुपए है। साथ ही एक बाइक एमपी 44 जेए 4785 भी जब्त की। आरोपी मुकेश उर्फ बबलू पिता डालू भील उम्र 22 वर्ष निवासी लालपुरा थाना जावद एवं भेरूलाल उर्फ राहुल पिता डालू भील उम्र 19 वर्ष निवासी लालपुरा थाना के खिलाफ एनडीपीए एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अफीम लाने ले जाने के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# महू-नीमच हाईवे, वाहनों पर पथराव

### गाड़ियां लेकर थाने पहुंचे चालक

**रतलाम, 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** रविवार-सोमवार की दरमियानी रात जिले के नामली और हसनपालिया के बीच रतलाम-जावरा फोरलेन पर वाहनों पर पत्थरबाजी की घटना हुई। कुछ वाहनों के कांच तक फूट गए। देर रात हुई इस घटना से फोरलेन पर चलने वाले दशहत में आ गए। पथराव की घटना से पुलिस गश्त पर सवाल खड़े होते हैं। देर रात की घटना के बाद नामली थाने के बाहर खड़े वाहनों का वीडियो भी सामने आया है।नयागांव-लेबड़ फोरलेन पर नामली व हसनपालिया के बीच से गुजर रहे 8 लेन एक्सप्रेस सर्कल के पास मलेनी नदी टर्न पर पत्थरबाजी की घटना रात 12 से 12.30 के बीच हुई।

जानकारी के अनुसार वाहन जावरा से रतलाम की तरफ आ रहे थे। बदमाशों ने सबसे पहले ईको वाहन क्रमांक एमपी-43 जेडटी- 2798 पर पथराव किया। इसके बाद जावरा से रतलाम आ रही तीन अल-अलग बसों सहित एक ट्रक और दो अन्य कारों पर भी पथराव किया। ईको वाहन चालक घनश्याम चंद्रवंशी को पथराव से आंख में चोट भी आई। हालांकि, किसी भी वाहन चालक ने अपना वाहन नहीं रोका। सीधे वाहन लेकर नामली थाने पहुंचे। अगर उसी समय वाहन रोक देते तो बड़ी घटना होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इधर जिस स्थान पर यह घटना हुई, वहां से कुछ ही दूरी पर नामली थाने की पुलिस चौकी भी है। लेकिन, रात में वह बंद ही रहती है।

बताया गया है कि बदमाशों ने ड्राइवर साइड की तरफ वाहनों पर पथराव किया। जब वाहन चालक वाहनों को लेकर नामली थाने पहुंचे और जानकारी बताई तो पुलिस ने घटना को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। रात डेढ से दो बजे तक सभी वाहन चालक थाने पर रहे। फिलहाल पुलिस अभी तक यह पता नहीं कर पाई है कि पथराव करने वाले बदमाश कौन थे।

# लोस चुनाव के पहले बैठक में भिड़े कांग्रेसी

## पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और दिलीप सिंह गुर्जर के सामने लड़े संगठन पदाधिकारी और पार्षद के बीच झड़प

**मंदसौर, 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव में नीमच की संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाली 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर पराजय का सामना करने के बाद भी कांग्रेस कार्यकर्ता सबक लेने को तैयार नहीं है। इसकी ताजा बानगी सोमवार को उस समय देखने को मिली, जब लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए बैठक लेने नीमच आए वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और दिलीप सिंह गुर्जर के सामने ही संगठन पदाधिकारी और पार्षद आपस में लड़ गए। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों पर बैठक से लेकर पार्टी के आयोजन की सूचना नहीं देने, पराजय से सबक नहीं लेने जैसे आरोप लगाए। बाद में भोपाल और नागदा से आए पार्टी के दिग्गज नेताओं ने सभी से एकजुट होकर लोकसभा चुनाव की तैयारी करने की अपील की।

कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी पीसी शर्मा और पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर सोमवार को नीमच पहुंचे। यहां दोनों को लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए गांधी भवन में बैठक करना थी। बैठक की शुरूआत होते ही मंडल और सेक्टर प्रभारी की गैर मौजूदगी पर कुछ कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाए। इसी दौरान उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस के आयोजनों की सूचना उन्हें अक्सर मिलती ही नहीं है। इसके बाद बैठक में मौजूद अन्य कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरु कर दिया। इस दौरान बैठक में मौजूद ओम शर्मा, बृजेश मित्तल, गजेंद्र यादव, पार्षद हरगोविंद दीवान, शाहिद समेत अन्य कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच तीखी बहस शुरु हो गई।

### पीसी शर्मा ने किया बीच बचाव...

इस घटना से भोपाल और नागदा से आए पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और दिलीप सिंह गुर्जर हतप्रभ रह गए। कुछ देर तक तो उनको कुछ समझ ही नहीं आया, इसके बाद दोनों नेताओं ने एक - एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता का हाथ पकड़कर कुर्सी पर बैठने की अपील की। विधानसभा चुनाव में मिली पराजय से सबक लेने और लोकसभा चुनाव में जीत किस तरह मिले, इसकी योजना बनाने की अपील की।

### नीतीश कुमार दल बदलू नेता...

लोकसभा प्रभारी पीसी शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि, हम लोगों ने विधानसभा में हार का मुंह देखा है। अब हमें एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत दर्ज करानी है। बाद में मीडिया से चर्चा के दौरान शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस एकजुट होकर कार्य कर रही है। कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है। कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतर रही है। बिहार के घटनाक्रम को लेकर शर्मा ने कहा कि नीतीश कुमार एक दल बदलू नेता हैं। वे मौका देखकर दल बदल लेते हैं।

### बैठक में शामिल हुए कांग्रेस के ये नेता...

बैठक के दौरान पूर्व विधायक नंदकिशोर पटेल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया, वरिष्ठ नेता उमराव सिंह गुर्जर, सत्यनारायण पाटीदार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश अहीर, पार्षद मोनू लोक्स, महिला कांग्रेस अध्यक्ष आशा सांभर सहित अन्य मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री का बड़ा दावा...

# देश में अगले सात दिनों में लागू हो जाएगा सीएए

**कोलकाता, 29 जनवरी। लोकसभा चुनाव से पहले संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के क्रियान्वयन की खबरों के बीच केंद्रीय जहाजरानी राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने बड़ा दावा किया है कि अगले सात दिनों में देश में सीएए लागू हो जाएगा। बंगाल के बनगांव से भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि मैं ये गारंटी दे रहा हूं कि अगले सात दिनों में सिर्फ बंगाल ही नहीं बल्कि पूरे देश में सीएए लागू होगा।**



मंत्री ने कहा कि सीएए लागू करने को लेकर कोई संशय नहीं है। इससे पहले दिसंबर में बंगाल दौरे पर आए गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए को देश का कानून बताते हुए कहा था कि इसके लागू होने से कोई नहीं रोक सकता है। ठाकुर के दावे पर राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने फिर दोहराया कि राज्य में सीएए किसी हाल में लागू नहीं होगा। तृणमूल के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल घोष ने भाजपा व केंद्र पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले लोगों को गुमराह करने के लिए ऐसी खबरें फैलाई जा रही है।

दरअसल, इस कानून के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए प्रताडित गैर मुस्लिमों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) को भारत की नागरिकता दी जाएगी। दिसंबर 2019 में ही संसद से सीएए पारित किया गया था। कानून पारित होने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में इसको लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे।

# हिंदू पक्ष की सुप्रीम कोर्ट में याचिका, वजूखाने के एएसआई सर्वे और सील क्षेत्र खोलने की मांग

**नई दिल्ली, 29 जनवरी।** हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए मांग की है कि वाराणसी स्थिति विवादित ज्ञानवापी परिसर के वजुखाने की भी वैज्ञानिक जांच हो। साथ ही याचिका में लिखा है कि ज्ञानवापी का वो हिस्सा भी खोला जाए, जिसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सील किया गया है। .जानकारी के मुताबिक, ज्ञानवापी मामले में हिंदू वादी द्वारा सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दायर किया गया है, जिसमें 19 मई 2023 के आदेश को रद्द करने का निर्देश देने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में पाए गए 'शिवलिंग' के वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर रोक लगा दी गई थी।




### श्रीकृष्ण जन्मभूमि - ईदगाह केस में सुनवाई टली...

इस बीच, मथुरा से जुड़े श्रीकृष्ण जन्मभूमि - ईदगाह केस की सोमवार को सुनवाई टल गई। अब सुनवाई अप्रैल में होगी। यहां हिंदू पक्ष ने विवादित परिसर में सर्वे की मांग की है। सोमवार को कोर्ट ने सभी पक्ष को नोटिस भेजा है।

# गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में संगठन कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में आज प्रदेश व्यापी कार्यक्रम गांव चलो अभियान के विषय को लेकर जिला भाजपा कार्यालय पर मंदसौर पर मंदसौर जिले की गांव चलो अभियान टोली की आवश्यक कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला में जिले के समस्त मंडलो की टोली के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यशाला का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय जी एंव डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मंच पर मुख्य वक्ता महेन्द्र भटनागर, सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा जिला संगठन प्रभारी गोपीकृष्ण नेमा, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, भाजपा जिला महामंत्री विजय अठ्वाल, राजेश दीक्षित, अभियान के जिला संयोजक शिवराज सिंह राणा, जिला सह संयोजक अजय तिवारी, विनय धनगर उपस्थित रहे। बैठक में लोकसभा विस्तारक धनंजय दीक्षित भी उपस्थित थे। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी गणों द्वारा मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया।




कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता महेन्द्र भटनागर ने कहा की राष्ट्रीय नेतृत्व एंव प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में हमें गांव चलो अभियान को मंदसौर जिले में सफलता पूर्वक सम्पन्न करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में कई जनकल्याणकारी योजनाएं एंव क्रांतिकारी परिवर्तन इस देश में हुए है। महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, विकसित भारत, प्रधानमंत्री आवास, मुद्रा योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि आदि जन कल्याणकारी योजनाओं ने जनता जनार्दन के जीवन स्तर में जबरदस्त सुधार किया है। हमें इन सब योजनाओं को लेकर एक बार पुन: गांव गांव और घर-घर जाना है। निश्चित ही हमने पूर्व जन्म में कुछ अच्छे कार्य किए होंगे जो हम राष्ट्रवादी दल भारतीय जनता पार्टी में कार्य कर रहे हैं।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंदसौर जिला भाजपा संगठन प्रभारी गोपीकृष्ण नेमा ने कहा कि आप सभी की मेहनत और परिश्रम से हमने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में 160 से अधिक सीटों के लक्ष्य को प्राप्त किया है अब हमें पुणे एक बार नई ताकत और उर्जा के साथ आने वाले लोकसभा चुनाव में 400 सीटों के लक्ष्य को साधते हुए मंदसौर लोकसभा में पुन: भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराना है। हमें बूथ विस्तारक अभियान एक और दो को सफलतापूर्वक इस जिले में संपादित किया है उसी के कारण मंदसौर जिले में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय हुई है अब पुणे हमें लोकसभा चुनाव केलिए इस गांव चलो अभियान के अंतर्गत अपने-अपने बूथ पर जाना है और आवश्यक करणीय कार्यों के अनुसार कार्य संपादित करने हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि विगत दिवस भोपाल में संपूर्ण प्रदेश के जिलों की कार्यशाला संपन्न हुई थी उसके बाद आज प्रदेश के सभी जिलों के साथ मंदसौर जिले में गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला संपन्न हो जा रही है। कार्यशाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं अभियान टोली के जिला संयोजक शिवराज सिंह राणा ने जिले में गांव चलो अभियान को सफल बनाने हेतु बनाई गई रचना से मंचस्थ अतिथि गणों को अवगत कराया और बैठक में उपस्थित अभियान टोली सदस्यों का परिचय कराया।

कार्यशाला में भाजपा मंडल प्रभारीगण राजेश पालीवाल, राजु चावला, पारस मावर, हिम्मत डांगी, हितेश शुक्ला, जितेन्द्रसिंह चौहान, जगदीश परमार, राजेश चौधरी, श्यामसिंह चौहान, अजय तिवारी, राजेश सेठिया, राहुल मुजावदिया, मंडल अध्यक्षगण विकास सुराणा, ईश्वरसिंह पंवार, अरविन्द सारस्वत, जीवन शर्मा, सांमतसिंह शक्तावत, जितेन्द्र जाट, लालसिंह देवडा, ओमप्रकाश परमार, नेपालसिंह चौहान, धीरज संघवी, अभिषेक मांदलिया, चन्द्रप्रकाश पंण्डा, राजमल सुरावत, उमरावसिंह चौहान, अभियान कार्यक्रम संयोजकगण ईश्वरलाल पाटीदार, गोपाल पाटीदार, मंयक मावर, नरेन्द्र पंवार, राजेश धाकड, राधेश्याम चौहान, देवीसिंह जी, गोवर्धनलाल डांगी, महेन्द्रसिंह गौड, दशरथ सौलंकी, धनसुख पाटीदार, किशोर पाटीदार, दिलीप प्रजापति, श्याम रावत, महेन्द्र वधवा, महेश मालवीय, गोपाल गाजी, महेन्द्र पहाडिया, अभियान कार्यक्रम मंडल सह संयोजगण फतेहसिंह आंजना, घनश्याम बग्गा, ओंकारलाल माली, शिवनारायण गुर्जर, विजय गुर्जर, घनश्याम खत्री, राजेश बाडोलिया, नटवर शर्मा, दशरथ जाट, भेरुलाल सेन, राजु जाट, कुशालसिंह, समरथ गेहलोद, विनोद खिंचावत, बाबुलाल धाकड, पप्पु सेन, महेश माली, रविन्द्र गुप्ता, प्रकाश कुशवाह, रमेश गुर्जर, विजय राठौर, नटवरसिंह राठौड, शंभुसिंह जी, भारतसिंह, दिलीपसिंह पंवार, सांवरिया मण्डवारिया, अजय पौराणिक, अर्जुन शर्मा, प्रवेश पनिहार, अनिल राठौर, तुफानसिंह सपानिया, थानसिंह परिहार, गोपाल गरासिया, कृष्णकांत फरक्या, कमल योगी, दिलीपसिंह सहित अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारीगण एंव कार्यकर्तागण उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष एंव गांव चलो अभियान के जिला संयोजक शिवराज सिंह राणा ने किया एंव आभार भाजपा जिला मंत्री एंव अभियान जिला सह संयोजक अजय तिवारी ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# क्लब की सेवाओं के लिये जनमानस लालायित रहता है- न्यायाधीश बेहरावत



**मंदसौर 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** लायंस क्लब की सेवाओं के लिये जनमानस लालायित रहता है। उक्त बात न्यायाधीश हर्षसिंह सहरावत ने लायन्स क्लब के 15 जनवरी से 26 जनवरी तक निरंतर चलने वाले नि:शुल्क नेत्र शिविर के समापन समारोह में कही। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बाईस वर्षों से परफेक्ट नेत्र चिकित्सालय पर लायंस क्लब मंदसौर के तत्वावधान एवं जिला अंधत्व निवारण समिति म.प्र. शासन के सहयोग से आयोजित शिविर में विधिक न्यायिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश श्री हर्षसिंह बेहरावत ने कहा कि लायंस क्लब अंतर्राष्ट्रीय संस्था हैं जहां सेवा कार्यों के माध्यम से जनमानस को उनकी आवश्यकतानुसार सेवाएं प्रदान की जाती है। नेत्र शिविर के माध्यम से जो सेवाएं दी गई है वह प्रशंसनीय है। डॉ. मजहर हुसैन ने करीब 900 रोगियों का नि:शुल्क परीक्षण एवं उसमें से 189 रोगियों का चयन कर नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन होंगे यह बहुत बडी बात है। हमारा न्यायिक सेवा प्राधिकरण भी विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं केसमाधान के लिये कार्य कर रहा है परन्तु लायंस क्लब के बीच आना मेरा सौभाग्य है, क्योंकि आने वाले समय में हम मिलकर सेवा कार्यों कों अंजाम देंगे। हमने वात्सल्यधाम के बुजुर्गों कों उनके परिवार के बच्चों से चर्चा कर उन्हें उनके घर पहुंचाया। शहर की सड़कों पर पशुओं का झूण्ड यातायात व्यवस्था मे व्यवधान डाल रहा था, उसे नगरपालिका के माध्यम से समाधान कराया। लिखित रूप में आई समस्याओं का हम समाधान करते है। आने वाले समय में हम मिलकर सेवाकार्यों कों अंजाम देंगे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्ञवलन किया। तत्पश्चात् लायंस अध्यक्ष डॉ. मजहर हुसैन, सहसचिव सिद्धार्थ पोरवाल, डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, सुभाष बग्गा, जगदीश चौधरी, डॉ. गोविन्द छापरवाल, जितेन्द्र मित्तल, डॉ. के.सी. श्रीमाल, जितेन्द्र पोरवाल, प्रवीण राठौर, एड. गौरव रत्नावत सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने पुष्पहार से मंचासीन अतिथि न्यायाधीश श्री हर्षसिंह बेहरावत, वरिष्ठ लायन बलजीतसिंह नारंग, क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन हस्तीमल जैन का स्वागत किया। स्वागत भाषण लायन अध्यक्ष डॉ. मजहर हुसैन ने दिया। वरिष्ठ लायन बलजीतसिंह एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन हस्तीमल जैन ने भी संबोधित किया। संचालन लायन विकास भण्डारी ने किया व आभार सहसचिव लायन सिद्धार्थ पोरवाल ने माना।

# जननी एक्सप्रेस चालक ने प्रसव पीड़ा होने पर महिला का सुरक्षित प्रसव कराया

**कुचड़ौद 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जननी एक्सप्रेस चालक ने महिला को प्रसव बड़ा तेज होने पर सड़क किनारे ही सुरक्षित प्रसव करवाया। सुरक्षित प्रसव करवाने के बाद जच्चा बच्चा को सुरक्षित अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ है। भाटखेड़ी (सीतामऊ) निवासी दिनेश बंजारा ने पत्नी यशोदा बाई 19 को प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस को फोन लगाया। कयामपुर की जननी एक्सप्रेस 9398 महिला को अस्पताल के लिए लेने गई। बिशनिया कयामपुर के बीच मार्ग में ही महिला को प्रसव पीड़ा तेज होने लगी। तो जननी चालक ने सड़क किनारे ही एंबुलेंस को खड़ा कर दिया। सुबह 6:15 बजे जननी चालक कमलेश कुमावत ने महिला का सुरक्षित प्रसव करवाया। महिला ने बालिका को जन्म दिया। सुरक्षित प्रसव के बाद महिला को जननी एक्सप्रेस से कयामपुर आरोग्यम केंद्र भर्ती करवाया। जहां जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ है।

महिला के पति दिनेश बंजारा ने बताया सुबह 5:30 पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस को फोन लगाया। एम्बुलेंस से पत्नी को क्यामपुर आरोग्यम केंद्र ले जा रहे थे। तभी तेज पीड़ा होने लगी। चालक कमलेश कुमावत ने प्रसव पीड़ा तेज होने पर, स्थिति देख सड़क किनारे ही एंबुलेंस को खड़ा करके



सुरक्षित प्रसव करवाया।

चालक कमलेश कुमावत ने बताया महिला को बीच रास्ते में ही तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। एंबुलेंस को सड़क किनारे पर ही खड़ी कर, सुरक्षित प्रसव करवाया। आरोग्यम केंद्र लाता तब तक देर हो जाती। इसलिए रास्ते में ही प्रसव करवाना पड़ा। पहले भी इसी तरह तेज प्रसव पीड़ा होने पर बीच रास्ते में प्रसव करवा चुका हूं।

# राष्ट्रीय अधिवेशन पुष्कर मे सोनी का हुआ सम्मान

**मंदसौर 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विगत दिनों स्वर्णकार समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन पुष्कर मे सम्पन्न हुआ। जिसमें देश भर के स्वर्णकार समाज के हजारो प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विगत वर्ष समाज द्वारा पुष्करजी तीर्थ में समाज की भव्य धर्मशाला हेतु एक लाख स्केवयर फिट जमीन क्र्रय की गई थी जिस पर अब एक विशाल भवन जिसमें 42 कमरे, दो हाल, भोजन शाला आदि निर्माण करवाया गया है। उक्त भवन का उद्घाटन समारोह राष्ट्रीय संरक्षक बहादुरसिंह दिल्ली, जगदीश प्रसाद मायघ हैदराबाद, उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी मन्दसौर, महामंत्री दुलीचंद मेसुण पिपाडसिटी जोधपुर, कोषाध्यक्ष सज्ञनलाल लावट हिसार हरियाणा के मुख्य आतिथ्य एवं देश भर से आयें समाज के प्रमुख महानुभवो के कर कमलो से सम्पन्न हुआ।



उक्त नवनिर्मित भवन में मंदसौर के समाजसेवी कारूलाल सोनी ने एक एसी कमरे का निर्माण करवाकर समाज को भेट किया है। इस हेतु सम्मेलन में कारूलाल सोनी परिवार का समाज ने शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान दिया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कारूलाल सोनी ने कहा कि हमें समाज के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। आज पुष्कर जी तीर्थ में जो भव्य धर्मशाला बनकर तैयार हुई जिसमें सभी का अमूल्य योगदान है। एक और विशाल भवन जिसमे 58 कमरे व भव्य हाल का निर्माण होना है जिस हेतु भी हमें बढ चढकर भागीदारी करना है।



# सैनिक स्कूल मंदसौर ने जीता जूनियर डिवीजन जिला परेड में प्रथम पुरस्कार

**मंदसौर 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सैनिक स्कूल मंदसौर के कक्षा 6टी के कैडेटस ने कॉलेज ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस पर आयोजित जूनियर डिवीजन परेड प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत प्रथम बार भाग लिया व जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए सभी के समक्ष अपनी अविस्मरणीय छाप छोड़ा। साथ ही कैडेटस की योग्यता को देखते हुए उन्हें मुख्य अतिथि को मंच तक ले जाने हेतु भी चुना गया। कैडेटस की इस शानदार जीत पर सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक व समिति के सहसचिव श्री सुनील शर्मा, विद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरोज प्रसाद, उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड़, इंस्ट्रक्टर्स, समिति परिवार व समस्त शिक्षको ने कैडेटस को बधाई देते हुए उनके उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।

## भालोट गौशाला की प्रबंध समिति का गठन हुआ

**मंदसौर 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गोमाता के लिए पंचायत स्तर पर संचालित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला भालोट की की प्रबंध समिति एवम संचालक मंडल का ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर समिति का पुर्नगठन किया गया जिसमे अध्यक्ष राजू ढोला, उपाध्यक्ष गोपाल गूंगावन, कोषाध्यक्ष अम्बालाल धनगर और हर्ष कोठारी तथा सचिव शरद कुमावत को सर्व सहमति से मनोनित किया गया। इस अवसर पर सरपंच नानालाल कुमावत, उप सरपंच गणपत कुमावत, सचिव गजेंद्र सिंह पंवार, सहायक सचिव अब्दुल हकीम व पंच तथा ग्रामीणजन मौजूद थे।

# पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं-जैन

## कलेक्टर ने ई जनसुनवाई में अधिकारियों को दिए निर्देश

**नीमच 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ई-जनसुनवाई कर, जावद जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत केलुखेडा, मडावदा, बांगरेड, बसेडीभाटी एवं अरनिया मामादेव से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद कर, ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए।




कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ई-जनसुनवाई में जावद क्षेत्र की उक्त ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों और ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होवने पीएम किसान निधि के छूटे हुए किसान हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने, ऐसे बच्चे जो गम्भीरर रोग से पीडित है, उन्हेच चिहिंत कर जॉच एवं उपचार करवाने, ग्राम में उज्ञकवला गैस से मिलने वाले ईधन, दिव्यागगों के यूडीआई कार्ड, पेंशन, आयुष्मा न कार्ड, स्वाममित्वभ की स्थिति, राजस्वन अभियान की प्रगति, गिरदावरी की स्थिति, पंचायतों में सौलर लाईट, आबादी के प्रकरण निपटान, शासकीय भवनों को राजस्व् रिकार्ड में दर्ज करने, शासकीय मंदिर में पुजारी की नियुक्ति, एवं उनके मानदेय भुगतान, आंगनवाडी भवन की स्थिति, बच्चों की संख्याद, टीबी के मरीजों एवं उनके परिजनों की जॉच करवावने, आदि के बारे में जानकारी ली।

मडावदा के सरपंच ने सडक निर्माण की मांग की इस पर संबंधित अधिकारी को प्राक्किलन तैयार करने, शमशान का अवरूद मार्ग खुलवाने, स्कूंल भवन क्ष्रतिग्रस्ता होने पर मरम्मंत करवाने, सीमेन्टत क्रांकीट रोड निर्माण , जल जीवन मिशन के दौरान पाईप लाईन के लिए खोदी गई सडकों को दुरस्तन करवाने, संबंधी मांग पर उपस्थित जिला अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# धर्म की नीति पर चले तो जीवन सफल होता है- उपाध्याय

**नीमच 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** हरि नाम का सुमिरन करने से जीवन का कल्याण होता है। हरि इच्छा को हमें स्वीकार करना चाहिए ।यह मनुष्य का कर्तव्य भी है ।दुख से बड़ी राम नाम की माला है ।परमात्मा का स्मरण करेंगे तो दुख आता ही नहीं है। तन मन धन धर्म निति के साथ रहना चाहिए तभी जीवन सफल होता है।यह बात भागवताचार्य प्रमोद उपाध्याय ने कही ।वे नीमच सिटी रोड स्थित बगीचा नंबर 10 नीमच में कुबरेश्वर महादेव महिला मंडल द्वारा आयोजित शिव पुराण कथा। में बोल रहे थे ।उन्होंने कहा कि संसार में चाहे केसी भी संतान हो मां कभी भी संतान की बुराई नहीं करती है संतान को सदैव जीवन की उत्कृष्टऔर सफलता की राह दिखाती है।नारी का लज्ञा संसार में सबसे बड़ा गहना होता है। उसकी रक्षा करना पृथ्वी के प्रत्येक प्राणी का कर्तव्य होता है। महाराज श्री ने गणपति जन्म के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता पार्वती ने अपने मेल से एक गण बनाकर उसमें प्राण प्रतिष्ठा की और माता पार्वती स्नान के लिए भीतर चली गई और बाहर सुरक्षा के लिए गण को विराजित कर दिया था तब वहां शंकर भगवान पहुंचे और गण और शिव के बीच युद्ध हुआ और



युद्ध में शंकर भगवान ने गण का सर धड़ से अलग कर दिया तब माता पार्वती ने क्रोध किया और कहा कि मेरे गण को जीवित करना आपका कर्तव्य होगा नहीं तो मैं पृथ्वी पर विनाश कर दूंगी तब शंकर ने अपने गण को भेजा और कहा कि जो माता अपने बच्चों को पीठ दिखा कर बेटी हो उसे बच्चे का कर लेकर आ जाना तब एक हथिनी अपने बच्चे को पीट दिखा कर बैठी थी। गण उसी हाथी के बच्चे को ले आए और गण को हाथी का सिर लगा दिया था। तभी से गणेश जी प्रथम पूज्य का वरदान मिला था। शिव कथा जगत को पावन करने वाली ज्ञान गंगा है ।अहंकार काम क्रोध मोह टूटने से जीवन में सफलता मिलती है यदि हम सुख में शिव का स्मरण करे तो दुख कभी नहीं आता है। धर्म के मार्ग पर चलने वाले का सदैव कल्याण होता है ।मनुष्य जीवन में यदि सफलता प्राप्त करनी है तो निंदा का अपराध करने से बचना चाहिए। हरी इच्छा को स्वीकार करना मनुष्य का कर्तव्य है। हरी इच्छा को हमें स्वीकार करना चाहिए यह मनुष्य का कर्तव्य भी है ।दुख से बड़ी राम नाम की माला है। परमात्मा का स्मरण करेंगे तो दुख आता ही नहीं है। तन मन धन धर्म के साथ रहना चाहिए तभी जीवन सफल होता है ।जिनको संसार ठुकरा देता है उसको शंकर भगवान अपनाते हैं और उसका कल्याण करते हैं करतें हैं। कथा में हरियाली का प्रतीक हरे रंगों के परिधानों पहन बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। शिव पुराण कथा पौथी पुजन में पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष घनश्याम पांडेय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। महिलाओं द्वारा हरे परिधानों में 108 आटे के दीपक बना कर आरती की गई।शिव पुराण पौथी आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# मप्र शिक्षक संघ के प्रांतीय निर्वाचन संपन्न

**मंदसौर 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मार्गदर्शन में शासन से मान्यता प्राप्त संगठन मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के त्रैवार्षिक निर्वाचन विगत दिवस 27 एवं 28 जनवरी 2024 को संपन्न हुए, सरस्वती शिशु मंदिर शिवाजी नगर भोपाल में प्रांतीय महासभा के उपवेशन में निर्वाचन अधिकारी हिम्मतसिंह जैन ने सर्वसम्मति से डा. क्षत्रवीर सिंह राठौड़ भोपाल को प्रांतीय अध्यक्ष राकेश गुप्ता सागर को प्रांतिय महामंत्री ,विनोद कुमार पुनी नीमच को प्रांतीय कोषाध्यक्ष एवं 6 उपाध्यक्ष व 6 सचिव कुल 15 पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया।

नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष ने अपनी कार्यसमिति का विस्तार करते हुए,रामचंद्र मालवीय मंदसौर को सह प्रांतीय मींडिया प्रमुख, कुसुम शर्मा को सह प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ प्रमुख सहित लगभग 15 पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की गई। अखिल भारतीय संगठन मंत्री महेंद्र कपुर द्वारा हिम्मतसिंह जैन, नीमच को प्रांतिय संगठन मंत्री सहित तीन सह संगठन मंत्रीयों की घोषणा की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने उपरोक्त सभी को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ञवल भविष्य की कामना की।

## शहीद दिवस पर आज दो मिनट का मौन रख दी जायेगी श्रृद्धांजली

**नीमच 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रति वर्षानुसार भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में आज 30 जनवरी 2024 को प्रात: 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनट का मौन रखा जाएगा। कलेक्टोरेट सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में शहीद दिवस गरिमापूर्वक मनाया जाएगा। देश प्रदेश के साथ हीब कलेक्टर कार्यालय नीमच में प्रात: 11 बजे कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान करने वाले शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रृद्धांजली दी जाएगी।

# साप्ताहिक राशिफल

## दिनांक 30जनवरी से 5फ़रवरी 2024

**मेष** – इस सप्ताह स्वास्थ्य की समस्या दूर होगी। किसी विशेष कार्य के पूरा हो जाने से मन प्रसन्न रहेगा। पैसा आएगा और उसका उपयोग अपने परिवार की जरूरतें पूरी करने में लगाएंगे। दांपत्य जीवन में प्रेम बढ़ने वाला है। विवाह योग बनेंगे।भगवान शिव कि आराधना विशेष शुभ हैं।

**वृषभ :–**यह सप्ताह आपको कुछ अच्छा देकर जाने वाला है। आपके सारे अभाव और कमियां दूर होंगी और आप सुखद जीवन की ओर अग्रसर होंगे। धार्मिक आध्यात्मिक गतिविधियों में मन लगेगा। पारिवारिक जीवन में महत्व बढ़ेगा। नौकरी के नए माध्यमों की ओर बढ़ेंगे।

**मिथुन :–** नए बिजनेस में भी किए गए प्रयास सफल होंगे। इस सप्ताह आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। दांपत्य का टकराव भी दूर होने वाला है।इस सप्ताह कार्य मे लाभ होगा हालाकि आपको हर क्षेत्र में लाभ के योग है, कुटुम्बीजनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। लेकिन किसी से बहस ना करें। परिश्रम का पूर्ण फल मिलेगा।

**कर्क :–** सप्ताह का आपके लिए बहुत शुभ फल रहेगा।नकारात्मक मानसिकता वाले लोगों से दूर रहे, भौतिक सुखों में वृद्धि होगी लम्बी यात्रा के भी योग बन गरहे है। किसी अपने के कारण मानसिक प्रसन्नता होगी, इस सप्ताह भाग्य के भरोसे न बैठे शब्दों एवं कर्मों पर विशेष नियंत्रण रखें।

**सिंह :–** कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारी में वृध्दि होगी विद्यार्थी एवं व्यापारीजन दोनों के लिए समय अनुकूल है।यह सप्ताह पूर्व में हुई घटनाओं को याद दिला सकता है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखे। किसी प्रकार कि अस्थाई बीमारी से उलझ सकते है, अत: सावधानी रखे मानसिक नियंत्रण की विशेष आवश्यकता है।

**कन्या :–** विद्याथों वर्ग के लिए यह सह सामान्य लेकिन व्यापारीजन के लिए शुभ है। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। पूर्व से चली आ रही परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। किसी प्रकार कि अनहोनी से बचेंगे।विचारे कायों में सफलता मिलेगी। क्रोध करने से आपके भीतर नकारात्मकता का प्रवाह बढ़ेगा।

***तुला :–*** इस राशि के जातको को आय के स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं. शत्रु भय से मुक्ति मिलेगी। किसी सामूहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के योग बन रहे हैं।यह सप्ताह आपके अनुकूल होगा जिससे मानसिक व भौतिक प्रसन्नता होगी। विद्यार्थियों एवं व्यापारियों के लिए समय मध्यम है।

**वृश्चिक :–** यह सप्ताह आपको नए सम्बंध बनाने का मौका देगा।आप आपके जीवन साथी आपकी प्रसन्नात का कारण बनेंगे इस सप्ताह में पारिवारिक यात्रा के योग बन रहे है, प्रेम सम्बन्धों में मधुरता आएगी लेकिन खर्च बड़ा हुआ रहेगा। आय की तुलना में खर्च अधिक रहेगा, मित्रो के सहयोग से रुके हुए कार्य पूर्ण हो सकते हैं।

**धनु :–** इस सप्ताह जातकों को अनेक प्रकार के भौतिक सुखको किसी विशेष कार्य में सफलता मिल सकती है। लेकिन अनचाहे भ्रमण पर जाना पड़ सकता है, वाणी पर विशेष नियंत्रण रखें, कार्य में अपने आप को उत्साहित कर अधिक परिश्रम करेंगे। जिससे मान-सम्मान में वृध्दि होगी। स्वात्विकता में वृध्दि होगी

**मकर :–** परिवार का साथ प्राप्त होगा। विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में अधिक परिश्रम करेंगे, व्यापारियों के लिए भी समय अनुकूल है। सप्ताह के प्रारम्भ में किसी बात को लेकर उदासी सकती हैं, स्वास्थ्य सम्बन्धित चिंता संभव है विशेष सावधानी रखें। उत्तरार्थ में समय अच्छा बीतेगा।शरीर मे निश्चय ही आरोग्यता आएगी। वैवाहिक जीवन में मधुरता आएगी।



ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी

**कुंभ:–** कुटुम्बीजनों का पूर्ण प्रेम और सहयोग मिलेगा। पारिवारिक यात्रा के योग है।भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी।व्यापारियों को विशेष लाभ के योग है। विद्यार्थियों को अधिक परिश्रम करना पड़ा।

यह सप्ताह बहुत ही अच्छा बीतेगा।आपको कार्यक्षेत्र में कुछ बाते सहना होगी। मान सम्मान में वृध्दि होगी। आय प्राप्ति के स्त्रोत बनेंगे,

**मीन :–** मानसिक व भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। आपके प्रति समय की अनुकूलता हैं। लेकिन सप्ताह के अंत में माता के स्वास्थ्य सम्बन्धित चिंता हो सकती है, या अन्य किसी प्रकार कर मानसिक शोक हो सकता है। भूमि भवन सम्बन्धित उलझे हुए मामलों में सान्त्वना मिलेगी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 110 | 2211 | 2316 |
| उडद | 23 | 5250 | 8850 |
| सोयाबीन | 6000 | 3500 | 4540 |
| गैहु | 2200 | 2400 | 3261 |
| चना | 97 | 4950 | 5563 |
| मसुर | 90 | 5600 | 5800 |
| धनिया | 468 | 4500 | 7200 |
| लहसुन | 17000 | 15500 | 27001 |
| मैथी | 537 | 4799 | 6401 |
| अलसी | 2254 | 4621 | 5051 |
| सरसो | 1982 | 4450 | 4901 |
| तारामीरा | 03 | 4590 | 4621 |
| इसबगोल | 10 | 9500 | 16401 |
| प्याज | 3450 | 230 | 1105 |
| कलोंजी | 53 | 14000 | 16999 |
| डॉलर | 3 | 4500 | 4950 |
| तिल्ली | 34 | 11500 | 14741 |
| मटरसुखी | 10 | 3900 | 4480 |
| असालीया | 214 | 4904 | 8660 |




# सीएम हेल्पलाइन की नवीन शिकायतों को नहीं देखने वाले अधिकारियों के वेतन का कटोतरा करे -कलेक्टर

## साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

**मंदसौर 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस । कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की।**

समीक्षा के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे विभाग जिन्होंने सीएम हेल्पलाइन की नवीन शिकायतों को नहीं देखा है, ऐसे अधिकारियों की शिकायतों के आधार पर वेतन काटा जाए। सभी विभाग के अधिकारी शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक समाधान करें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विद्यार्थियों की वर्ष 2022-23 गणवेश निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। बैठक के दौरान वन मंडल अधिकारी श्री संजय, अपर कलेक्टर श्री विशाल सिंह चौहान सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव 2024 हेतु केंद्रीय चुनाव कार्यालय का हुआ पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ

# प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश में अमन सुख, शांति, समृद्धि और अंत्योदय के स्वप्न साकार हो रहे है- गुप्ता

**मंदसौर 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस ।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र हेतु केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का विधि विधान से पूजा अर्चना कर भव्य शुभारंभ आज जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री बाबूलाल बंजारा, भाजपा जिला संगठन प्रभारी गोपीकृष्ण नेमा, सहकारिता प्रकोष्ठप्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष मंदसौर नानालाल अटोलिया, भाजपा जिला अध्यक्ष नीमच पवन पाटीदार, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, डॉ.सुषमा आर्य, मुकेश काला, विधायक हरदीप सिंह डंग, पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार, भाजपा वरिष्ठ नेता महेन्द्र भटनागर, भाजपा जिला महामंत्री विजय अठवाल, राजेश दीक्षित, सुखलाल सेन आदि संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठजन की गरिमामय उपस्थित रही।

केन्द्रीय चुनाव कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा की देश में आज सीना तानने का माहोल बन चला है। जब भुजाऐं पूरी ताकत से आसमान की औ‍र तन कर जय श्री राम का नारा लगाती है तब प्रत्येक देशवासी का सीना चौढा हो जाता है। खुशी इस बात की भी है की जनसंघ से लेकर जनता पार्टी और अब भारतीय जनता पार्टी का केन्द्र बिन्दू बने हुए जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर लोकसभा चुनाव 2024 का केन्द्रीय कार्यालय प्रारंभ हो गया है। निश्चित रूप से इस केन्द्रीय कार्यालय के सफल संचालन से भाजपा पुन: इस लोकसभा क्षेत्र में विजय पताका लहराकर 400 से अधिक सीटों के लक्ष्य के पथ पर आगे बढेगी। आज देश ने अंग्रेजों के साथ कांग्रेस का शासनकाल देखा जिसमें सिर्फ लूट-खसोट का ही माहौल दिखाई देता था। जबकि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में अमन सुख, शांति, समृद्धि और अंत्योदय के स्वप्न साकार हो रहे है।




किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा की आज कार्यालय शुभारंभ करने केपश्चात हम लोकसभा चुनाव 2024 के दंगल में उतर चुके है। हमें जनता के बीच आने वाली पीढ़ी को सशक्त एंव समृद्ध भारत सौपनें की बात कर अपना वोट देने की अपील करना है और आज देश की जनता भलीभांती जानती और समझती है की देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और भाजपा के संचालन में सुरक्षित और समृद्धशाली बना है और आगे भी गतिशील रहेगा। भाजपा जिला संगठन प्रभारी गोपीकृष्ण नेमा ने इस अवसर पर कहा की आदि अनादि काल में जब महाभारत का युद्ध हो रहा था, उस समय भी अगले दिन की रणनीति बनाने के लिये केन्द्रीय कार्यालय बनाये जाते थे। मंदसौर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा की आज पुन: केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का शुभारंभ कर हमने लोकसभा चुनाव 2024 के युद्ध में अपने कदम बढा लिये है। मुझे खुशी है की इस केन्द्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र के कई जन प्रतिनिधिगण एंव संगठन के पदाधिकारीगण उपस्थित है।

नीमच भाजपा जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा की आज हमने देवी देवताओं की विधिवत पूजा अर्चना कर लोकसभा चुनाव के इस केन्द्रीय कार्यालय का शुभारंभ किया है। निश्चित तौर पर पूजा अर्चना से हमें शक्ति प्राप्त होगी और इस शक्ति के तपोबल से हम सब अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा को विजय बनाने में सफल होगें। कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गण कारूलाल सोनी, राजेन्द्र सुराना, पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक प्रितेश चावला, वरिष्ठ नेता निहालचंद मालवीय, भोपाल सिंह सिसौदिया, पारस मावर, जगदीश परमार, राजेश चौधरी, हिम्मत डांगी, नरेश चंदवानी, भाजपा जिला पदाधिकारीगण सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे ।उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# गोस्वामी समाज मनाएगा शंकराचार्य जयंती

**मनासा 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस ।** आज दशनाम गोस्वामी समाज जिला नीमच की जिला बैठक ऊंचेड बालाजी मंदिर पर हनुमान चालीसा व भगवान दत्तात्रेय के चित्र पर माल्यार्पण पूजन आरती के साथ प्रारंभ हुई। कुकडेश्वर मंडल अध्यक्ष कचरू गिरि जालीनेर, महंत विष्णु गिरि, जिलाध्यक्ष जगदीश वन,कैलाश गिरि छोटीसादड़ी महेश गिरि कराडिया द्वारा पूजन अर्चन किया। प्रथम चरण के संचालन में समरथ गिरि जिला सचिव द्वारा उपस्थित सदस्यों से परिचय करवाकर बैठक के मुख्य उद्देश्य को विस्तार रूप से रखकर उस पर समाज बंधुओं के विचार बताने हेतु आमंत्रित किया। उपस्थित समाज बंधुओं द्वारा अपने अमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। सीतामऊ दत्तात्रेय जयंती मे घोषणा की है कि आगामी शंकराचार्य जयंती नीमच जिले के मनासा मे मनाई जायेगी। इस पर उपस्थित कराडिया महाराज मंडल से उपस्थित बंधुओं द्वारा आग्रह किया गया कि कुकडेश्वर एवं जावद मे आयोजन होते रहते है। एक बार कराडिया मंडल को भी यह अवसर प्राप्त हो।



जिला समिति द्वारा सर्वानुमति से आगामी शंकराचार्य जयंती समारोह वर वधु परिचय प्रतिभा सम्मान समारोह कराडिया मंडल में भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने की स्वीकृति प्रदान की। जिला समिति के प्रत्येक सदस्य द्वारा तन मन धन से सहयोग का आश्वासन दिया गया। आगामी बैठक कराडिया महाराज मे रखें जाने का प्रस्ताव अध्यक्ष महेश गिरि द्वारा रखा गया। जिस पर भी सहमति प्रदान की गई। बैठक का संयोजन हेतु महेश गिरि कराडिया कैलाश गिरि छोटीसादडी समरथ गिरि कदमाली व युवा प्रकोष्ठ से मुकेश गिरि तेजू पडदा,राजू गिरि कुकडेश्वर विकास गिरि बावल हरिश गिरि जावद हितेश गिरि छोटीसादड़ी को अधिकृत किया गया।

जयंती का स्थान व आयोजन समिति का गठन आगामी बैठक में किया जायेगा। आयोजन के लिए विभिन्न दानदाताओं द्वारा हजारों रूपये की घोषणा की गई। व जिले में गत आयोजन की बचत राशि भी कराडिया मंडल में भेजने का प्रस्ताव पारित किया गया। आयोजन की विस्तृत रूप रेखा आगामी बैठक में प्रस्तुत की जायेगी। बैठक को रमेश भारती मोरवन द्वारा संबोधित करते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं से जुडने का आग्रह किया व आयोजन को लेकर एक माइंड मेप बताकर मूल भाव प्रकट किया। अन्य वक्ताओं मे गोविंद गिरि अल्हेड पुष्कर गिरि धामनिया दिनेश गिरि अठाना कैलाश गिरि छोटीसादड़ी शिवनारायण गिरि ऊंचेड मंगल गिरि बावडा के साथ ही अनेक बंधुओं द्वारा संबोधित किया। विशेष रूप से सत्यनारायण भारती बसेडीभाटी द्वारा भोलेनाथ के भजन द्वारा बैठक में शानदार प्रस्तुति दी। बैठक में जिले के चारो मंडलो से सैकड़ों समाज बंधु शामिल हुए। बैठक में चाय पानी स्वल्पाहार व भोजन की उतम व्यवस्था कुकडेश्वर मंडल द्वारा की गई। अंत में आभार जिला सचिव समरथ गिरि कडीखुर्द द्वारा प्रकट किया गया।

# कॉलेज की समस्या को लेकर अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा दूसरी बार ज्ञापन

**मंदसौर 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस ।** शासकीय महाविद्यालय सीतामऊ की विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य श्री महिपाल सिंह तथा महाविद्यालय परिसर अध्यक्ष श्री करण धनगर के नेतृत्व में समस्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सीतामऊमहाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ डी. के भट्टको दूसरी बार ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने बताया कि लंबे समय से महाविद्यालय में पठन-पाठन का कार्य ठप पड़ा हुआ है। रोजाना सैकड़ों छात्र दूर दूर से महाविद्यालय पढ़ने के उद्देश्य से आते हैं, परंतु नियमित पढ़ाई नहीं मिलने की वजह से उन्हें बार-बार बैरंग वापस जाना पड़ता है। वहीं छात्र-छात्राएं के लिए महाविद्यालय में समुचित पेयजल व्यवस्था तथा



स्वच्छता ना होने के कारण वे परेशान रहते हैं स जिससे स्थानीय छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही महाविद्यालय के प्रति छात्रों में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो रहा है। वही महाविद्यालय के प्राचार्य ने समस्या के निदान का आश्वासन दिया।

इस मौके पर उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह राठौड़, परिसर मंत्री जितेंद्र डेरिंग ने कहा अगर नियमित रूप से पढ़ाई शुरू नहीं हुई तथा पेयजल सहित अन्य समस्याओं का हल नहीं हुआ तो छात्रों के हक के लिए विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर छात्र प्रमुख परिणीता पवार, छात्रा उप प्रमुख कुमकुम, नगर कार्यालय मंत्री निलेश बडगूजर, नगर छात्रावास प्रमुख सनी दामामी, अंशुल राठौर, परमेश्वर राठौर, रवि, ललित, पायल, टीना, बंशी एवं समस्त विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## **उठावना **

स्व. नाथूलालजी के अनुज स्व. रूपचंदजी धनोतिया की धर्मपत्नी तथा कन्हैयालालजी, स्व. चांदमलजी, रामनिवासजी की भाभीजी एवम जगदीशचंद्र,ओमप्रकाश, श्यामलाल, सत्यनारायण की पूज्य माताजी व डॉक्टर वैभव, पुष्कर, अभिषेक, अक्षय, अक्षित की दादीजी श्रीमती गीताबाई जी का देहांत रविवार को हो गया है।जिनका उठावना मंगलवार दिनांक 30 जनवरी को दोपहर 01 बजे उनके निज निवास, सरकारी अस्पताल रोड स्थित गीता सदन पर होगा

**शोकाकुल**
**समस्त धनोतिया परिवार,**
**(लिंबावास वाला) पिपलिया मण्डी,**

# दहेज प्रथा नारी जीवन के लिए केंसर का रोग बन गया है-साध्वी सीता बहन

**सुवासरा 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस ।** गायत्री माता मंदिर परिसर रुनिजा (रोड़) सुवासरा में रामकथा प्रवक्ता साध्वी सीता बहन के मुखारविंद से चल रही नवदिवसीय श्री रामकथा के सातवें दिवस मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के बाल लीला का वर्णन बड़े ही मार्मिकता के साथ श्रद्धालुओं को श्रवण कराया साध्वी ने कथा में बताया कि बेटा एक कुल का नाम रोशन करता है और एक बेटी दो कुल का नाम रोशन करती है।अपने माता पिता जब बेटी को विदा करते है तो उसको संस्कार देकर भेजते है कि अपने साँस ससुर की सेवा करना पिता बेटी को सम्पति देता है और एक माता अपनी बेटी को संस्कार देती है बेटी देकर बादशाह भी झुक जाता है। कथा में सोनी परिवार महिला मंडल ग्रुप ,जैन महिला मंडल ग्रुप,के द्वारा स्वागत किया गया कथा के मुख्य जयमान कमल कुमार सोनी(रिटायर्ड शिक्षक) एवं सम्मस साडीवाल परिवार द्वारा रतलाम,पिपलिया मंडी,शामगढ़, क्यामपुर, इंदौर,झाबुआ, रुनिजा,भानपुरा आसपास के क्षेत्रवासियों और सभी अतिथियों का स्वागत किया गया कथा का समापन 31 जनवरी को होगा।



# मंदसौर में बनेगा पहला मॉ सरस्वती मंदिर, भूमिपूजन हुआ

**मंदसौर 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस ।** सरस्वती माता मंदिर निर्माण समिति दमामी समाज जिला मंदसौर द्वारा श्री पशुपतिनाथ मंदिर अतिथिगृह के पीछे भव्य सरस्वती माता का मंदिर बनाया जा रहा है। जिसका भूमिपूजन कार्यक्रम मुख्य अतिथि सांसद श्री सुधीर गुप्ता व भागवत प्रवक्ता श्री ओमप्रकाश दवे, समाजसेवी विनय दुबेला, किन्नर गुरू अनीता दीदी ने किया।



प्रारंभ में अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। उसके पश्चात अतिथियों एवं समाजजनों ने शीला रखकर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा कि दमामी समाज द्वारा मॉ सरस्वती का मंदिर निर्माण का प्रेरणादायक कार्य किया जा रहा है। दमामी समाज ने उत्तरोत्तर प्रगति की है। यह समाज मुख्य धारा से जुड़ चुका है। आपने मंदिर निर्माण में डेढ लाख रूपये देने की घोषणा की।

इस दौरान समाजजनों ने बसंत पंचमी को धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया। अतिथियों का स्वागत दमामी समाज के अध्यक्ष प्रहलाद पंवार, समाज प्रमुख मांगीलाल काठा, सचिव हीरालाल बारेठ, प्रचार मंत्री बलराम नगरी, रमेश चंद्रावत, समाज वरिष्ठपरमानंद उस्ताद, सहसचिव बिहारीलाल नगरी, मंगलेश झावल, कालूराम, युवा मार्गदर्शक समिति के विनोद देसाई आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद सोहायला ने किया एवं आभार राकेश चौहान सरसोद ने माना।

# राज्यसेवा मुख्य परीक्षा आगे बढ़ाने की मांग, गुरुवार को निर्णय लेगा आयोग

**इंदौर 29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस ।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) आने वाले महीनों में होने वाली कुछ परीक्षाओं के पूर्व घोषित कार्यक्रम में बदलाव कर सकता है। इनमें राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2023 के साथ ही प्रस्तावित राज्यसेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 भी है। अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा को आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। सोमवार को उम्मीदवार ज्ञापन सौंपने भी पीएससी मुख्यालय पहुंचेंगे।

राज्यसेवा मुख्य परीक्षा 2023 मार्च में होता है। इस शेड्यूल में आने वाले आम चुनावों का कार्यक्रम खलल डालता दिख रहा है। मुख्य परीक्षा 11 मार्च से शुरु होना है। अभ्यर्थी मांग कर रहे हैं कि इसकी तारीख आगे बढ़ाई जाना चाहिए। इस बीच पीएससी अपनी ओर से परीक्षा की तैयारी पूरी होने का दावा कर रहा है। हालांकि अंदर ही अंदर परीक्षा को आगे बढ़ाने पर सुगबुगाहट भी शुरू हो गई है।

दरअसल लोकसभा चुनाव के आयोजन के लिए मार्च-अप्रैल में प्रशासनिक अमले से लेकर सरकारी मशीनरी तक व्यस्त हो जाएगी। ऐसे में पीएससी को परीक्षा केंद्र से लेकर पर्यवेक्षक, परीक्षक और सुरक्षा से लेकर निगरानी व व्यवस्था के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें भी मिलना मुश्किल हो जाएगी। अभ्यर्थी चाह रहे हैं कि उन्हें परीक्षा की तैयारी के लिए अतिरिक्त समय मिल जाए।पीएससी के सूत्रों के अनुसार अभ्यर्थियों की मांग के बीच आयोग की बैठक गुरुवार को होना संभावित है। इस बैठक में अन्य तमाम मुद्दों के साथ परीक्षा को रिशेड्यूल करने का एजेंडा भी रखा गया है। यानी इसी सप्ताह परीक्षा की तारीखों में परिवर्तन को लेकर ऐलान हो सकता है। इस बीच प्रारंभिक परीक्षा 2024 जो अप्रैल में आयोजित होना है उसे भी आगे बढ़ाया जा सकता है। इस परीक्षा की तारीख घोषित नहीं है। सिर्फ संभावित रूप से इस माह में परीक्षा होने की बात पीएससी ने घोषित की है।

## * अंतिम यात्रा*

हमारे भाई, अनिल व हेमंत के पूज्य पिताजी, सुनील, मनीष , कमलेश, विकास, गौरव, अभिषेक, गौतम व वर्धमान के बडे पिताजी एवं महावीर के दादाजी श्री शांतिलालजी मारू (सुपुत्र स्व श्री बापूलालजी मारू बर्तनवाला) का स्वर्गवास आज दिनांक 29 जनवरी 2024 सोमवार को हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा 30 जनवरी 2024 मंगलवार को प्रात 10: 30 बजे हमारे निवास स्थान मनोहर सदन, दशपुर कुंज रोड मदसौर से मुक्तिधाम वाहन द्वारा निकलेगी।



**शोकाकुल**
जिनेन्द्र,ललित ,विनय, विनोद, दिनेश
मारू एवं समस्त मारू परिवार
फर्म- छब्बालाल-फतेहचंद ,
शांतिलाल, ललित कुमार, राजेन्द्र रोड
लाईन्स


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/86/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक-19.01.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बरखा कुंवर पति श्री पृथ्वीराजसिंह चौहान निवासी गुराड़ियामाता तहसील गरोठ जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 19.01.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 23.02.2024 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | शामगढ़ | नारियाबुजुर्ग | 643/3/1 | 4.000 है. | शासकी | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23.02.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
G-23500/2023 खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.




# स्कूली बच्चों को फ़ौजी भाई ने किया कॉपी- कलम का वितरण

**नाहरगढ़29 जनवरी गुरु एक्सप्रेस ।** देश की सीमा पर अपनी सेवाएं दे रहे फौजी अपने गांव छुट्टी पर गांव आए फौजी श्री प्रहलाद कुमावत ने माध्यमिक विद्यालय खजूरी चंद्रावत पंहुचकर विद्यार्थीयो को कापी पेन वितरित किए और उनकी हौसला अफजाई करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त फौजी श्री धर्मेंद्र सोनी सहित स्कूल स्टॉफ मोजुद था।अतः में फौजी श्री प्रहलाद ने आभार माना।


## श्री हरकचंद चौरड़िया महाविद्यालय, भानपुरा, जिला-मंदसौर

**** आवश्यकता ****

महाविद्यालय में निम्नलिखित विषयों के अध्यापन हेतु वर्ष 2024-25 के लिए सहायक प्राध्यापक पद पर कालेज कोड परिनियम 28 के अंतर्गत नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र विज्ञापन प्रसारण तिथि से सात दिवस के अंदर आमंत्रित है।

| क्रमांक | विषय | रिक्त पदों की संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 1 | |
| 2 | रसायन विज्ञान | 1 | |
| 3 | भौतिक विज्ञान | 1 | |
| 4 | वनस्पति विज्ञान | 1 | |
| 5 | जन्तु विज्ञान | 1 | |
| 6 | हिन्दी | 1 | |
| 7 | राजनीति विज्ञान | 1 | |
| 8 | अर्थशास्त्र | 1 | |
| 9 | वाणिज्य | 2 | |
| 10 | कम्प्यूटर साईन्स | 1 | |

वेतन एवं योग्यता-यू.जी.सी. एवं उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के निर्देशानुसार।

अध्यक्ष (शासी निकाय)
श्री हरकचंद चौरड़िया महाविद्यालय भानपुरा, जिला-मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in